Officers, which is mostly to cater to their own interests rather than the Airline and prevent its misuse?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI A. P. SHARMA): (a) No hush money is spent by Air-India Officers abroad.

(b) to (d). Do not arise.

**जे. के. भवन, गामदेवी, बम्बई के मालिकों को ओर बकाया आयकर**

10283. **श्री राम सिंह शाक्य** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जे. के. भवन, गामदेवी बम्बई, में एक विशाल इमारत है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस समय उसमें 4-5 हजार किराएदार रह रहे हैं और यदि हां, तो क्या यह सच है कि इस इमारत के 4-5 हिस्से हर महीने खाली होते हैं और खाली हिस्सों को "पगड़ी" पर दिया जाता है, और इस प्रकार मालिकों को 20 से 30 करोड़ रुपये की राशि "पगड़ी" के रूप में प्राप्त होती है ;

(ग) यदि हां, तो जे. के. भवन के मालिकों ने पिछले 3 वर्षों में इस आय पर कितना आयकर अदा किया और कितना आयकर अभी वसूल किया जाना है ; और

(घ) जे. के. भवन गामदेवी के कितने और कौन कौन मालिक हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**वित्त मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मगनभाई बारोट)**: (क) गामदेवी के 'जे. के. भवनों' को गामदेवी सम्पत्तियों के रूप में जाना जाता है। इस सम्पत्ति से होने वाली आय को, आयकर अधिनियम की धारा 23(1) के अन्तर्गत कर लगने योग्य वार्षिक मूल्य के आधार पर निर्धारित किया जाता है। इसमें रहने वाले किरायेदारों की संख्या 675 बताई गई है।

(ख) क्षेत्रीय अधिकारियों से की गई पूछताछ से पता चलता है कि वर्तमान में, प्रश्न के इस भाग में कथित कोई भी सूचना उनके पास उपलब्ध नहीं है।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता।

(घ) उक्त व्यक्तियों की संख्या से लाभ उठाने वाले व्यक्तियों से संबंधित सूचना निम्नानुसार है :—

1. श्री शान्तिकुमार मथुरादास को व्यक्तियों की संस्था से होने वाली शेयर सम्बन्धी आय के अलावा, प्रतिभूतियों पर ब्याज, लाभांश और ब्याज से भी आय प्राप्त होती है ।

2. श्री वल्लभदास जेठाभाई को व्यक्तियों की संस्था से आय प्राप्त होती है तथा निम्नलिखित फर्मों से शेयर संबंधी आय प्राप्त होती है :—

1. मेसर्स वालजी शामजी एंड कम्पनी ।
2. मेसर्स जशोदा कामर्शियल कम्पनी ।
3. मेसर्स वी. जे. ट्रेडिंग कम्पनी।
4. मेसर्स पी. एच. वी. ट्रेडिंग कम्पनी ।

3. श्रीमती दयावन्ती देवीदास को व्यक्तियों की संस्था से प्राप्त होने वाली शेयर-आय के अलावा, लाभांशों और ब्याज से आय प्राप्त होती है।

4. श्री द्वारकादास खटाऊ को व्यक्तियों की संस्था से प्राप्त होने वाली शेयर-आय के अलावा और कोई आय नहीं है।

5. श्री देवीदास कल्याण जी को व्यक्तियों की संख्या से प्राप्त होने वाली शेयर-आय के अलावा, ब्याज से भी आय होती है।

6. श्रीमती भनुभाई जेठाभाई को व्यक्तियों की संस्था से प्राप्त होने वाली शेयर-आय के अलावा, लाभांशों से ब्याज से और मेसर्स एम. बी. ट्रेडिंग कारपोरेशन से शेयर-आय प्राप्त होती है ।

7. श्रीमती झावेरबाई जेठाभाई को व्यक्तियों की संस्था से शेयर-आय के

अलावा, लाभांश और ब्याज से आय होती है।

**Promotion as Director without interview in STC**

10284. SHRI PIUS TIRKEY: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) what is the direct and indirect expenditure that has been incurred by the State Trading Corporation and its subsidiaries by calling a number of its officials posted in India and abroad for interviews for the post of Marketing Managers;

(b) whether it is also true that two candidates were promoted without any interview at the instance of a Director; and

(c) if so, what steps were taken by Government to ensure that undue favouritism has not been shown in the case of these candidates?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI KHURSHEED ALAM KHAN): (a) An expenditure of Rs. 45,000/- approximately was incurred in calling eligible candidates from Indian branches of the Corporation for attending the interview for selection of candidates for the post of Marketing Manager. No officer was called from foreign branches.

(b) and (c). Two managers posted abroad have been promoted alongwith others. They were selected on the basis of their performance (as reflected in their Confidential Dossiers) by the Selection Committee which reviewed the cases of all the managers posted abroad.

**IAAI to construct Airport in South Yemen**

10285. SHRI N. K. SHEJWALKAR: Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the International Airport Authority of India has secured an airport construction contract in South Yemen, if so, what are the terms of the contract; whether only a Senior Civil Engineer can be deputed as a Project Director under the terms of the contract;

(b) is it not true that this term of the contract has not been fulfilled and instead of a Senior Civil Engineer, an Electrical Engineer has been appointed;

(c) how long this Project Director has remained in South Yemen from the time of his appointment and for how much time he has been out and where and why; and

(d) is it a fact that two Senior Civil Engineers were called back from Project just to accommodate this Electrical Engineer as Project Director?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI A. P. SHARMA): (a) to (d). The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

**विक्रम काटन मिल्स, लखनऊ**

10286. **श्री निहाल सिंह:** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) श्री विक्रम काटन मिल्स, लखनऊ द्वारा प्रति माह, किस्मवार कितने सूती धागे का उत्पादन किया जाता है;

(ख) उन फर्मों तथा एजेंसियों के नाम क्या हैं जिन से सरकार सूती धागा बनाने के लिए कच्चा माल लेती है और पिछले एक वर्ष में कितने मूल्य का कच्चा माल खरीदा गया ; और

(ग) इस मिल में कितने हिस्सेदार हैं तथा प्रत्येक हिस्सेदार ने कितनी पूंजी लगाई है?